RAF SECTOR

NEWS CLIP

23/09/20

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Patrika News , Jaipur (R.J)

रेपिड एक्शन फोर्स ने गांव को लिया गोद

सामाजिक कार्यों में बनेंगे भागीदार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

बांसखोह . बांसखोह क्षेत्र के मालीहाला गांव में मंगलवार को 83 बटालियन द्रुत कार्य बल (रेपिड एक्शन फोर्स) ने मालीहाला राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस दौरान विजेता बालकों को पुरस्कृत किया गया।

प्रतियोगिता में सद्भावना, हरा-भरा वातावरण एवं जल संरक्षण विषय को लेकर बच्चों ने चित्र उकेरे। कोरोना महामारी के दौरान कार्यक्रम के लिए प्रशासन से 25 बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित करने की अनुमति ली। इस दौरान सोशल डिस्टेंस एवं फेस मास्क का पूरा ख्याल रखा। कार्यक्रम में विजेता रहे आशीष मीना, निशा मीना, अंजली मीना को पुरस्कृत किया। कमाण्डेंट प्रवीण कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में उप कमाण्डेंट सुनील खींची, सहायक कमाण्डेंट विजय सिंह मीना मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत लेखाधिकारी बीएसएनएल बद्रीनारायण मीना, रामेश्वर परेवा, सियाराम भारद्वाज, कैलाश परेवा सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। इससे पूर्व बांसखोह में शहीद अशोक वर्मा मूर्ति स्थल पर आरएएफ के जवानों ने पुष्पाजंली अर्पित की। सहायक कमांडेंट विजय सिंह मीना ने बताया कि हाल ही मालीहाला गांव को गोद लिया गया है। गांव में सामाजिक सरोकार से जुड़ी गतिविधियां शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पौधारोपण आदि कार्य बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा।

बांसखोह शहीद अशोक वर्मा मूर्ति स्थल पर पुष्पाजंली अर्पित करते रेपिड़ एक्शन फोर्स के जवान एवं ग्रामीण।

Dainik Jagran , Jaipur (R.J)

महात्मा गांधी के 150 वें जन्मदिन के उपलक्ष में चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया

स्वदेशी गरिमा

भरतपुर। बांसखो कस्बे में शहीद अशोक वर्मा के स्मारक पर सीआरपीएफ बटालियन दूत कार्य बल के द्वारा प्रवीण कुमार सिंह कमांडेड 83 बटालियन दूत कार्यबल रामगढ़ रोड लालवास जयपुर के नेतृत्व में सी 83 बटालियन दूत कार्यबल गोद ग्राम मालिहाला तहसील बस्सी जिला जयपुर राजस्थान में दिनांक 22 सितंबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 150 जन्मदिन दिवस के उपलक्ष पर सांप्रदायिक सद्भावना हरा भरा वातावरण एवं संरक्षण पर चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस दौरान कोविड-19 के निर्देशों को मध्य नजर रखते हुए सामाजिक दूरी कोविड-19 के निर्देशों को मध्य नजर रखते हुए सामाजिक दूरी मास्क के तथा सैनिटाइजर का उपयोग करके राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मालिहाला में बच्चों ने चित्रकला की प्रतियोगिता में भाग लिया तथा प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन के लिए उनको उपहार भेंट किया इसी के साथ ही बांसखो कस्बे में शहीद अशोक स्मारक पर शहीद अशोक वर्मा का 83 बटालियन दूत कार्य बल के द्वारा शहीद अशोक वर्मा का माला पहनाकर सलामी देते हुए जय हिंद जय भारत के नारे लगाए इसी के साथ ही बांसखो कस्बे के समाजसेवी कार्यकर्ताओं के द्वारा आए हुए कमांडेंट समस्त टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया इस अवसर पर श्री सुनील खींची उप कमा एवं श्री विजय सिंह मीणा सहायक कमांडर का प्राथमिक विद्यालय मालिहाला के संस्था प्रधान व स्टाफ व ग्राम विकास अधिकारी अर्जुन लाल मीणा व कनिष्ठ सहायक रामजी लाल सैनी सामाजिक कार्यकर्ता सेवानिवृत्त बद्रीनारायण मीणा बीएसएनल लेखा अधिकारी सेवानिवृत्त रामेश्वर प्रसाद परेवा अध्यापक कैलाश चंद परेवा पूर्व वार्ड पंच समाजसेवी योगेश कुमार गुप्ता गणमान्य ग्रामीण लक्ष्मण मीणा भोरी लाल मीणा रामधन मीणा चिरंजी लाल रेगर सियाराम भारद्वाज बबलू रेगर विनोद परेवा व बच्चे बटालियन के अधीनस्थ अधिकारी व जवान उपस्थित रहे इसके साथ ही सीआरपीएफ के द्वारा ग्रामीणों को कहा गया कि आपके क्षेत्र में जो भी समस्या हो उसके बारे में भी हमें समय-समय पर अवगत करवाते रहे इस दौरान सब इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार जो बच्चे विजेता आए हैं आशीष पुत्र प्रकाश मीणा निशा मीणा पुत्री रामस्वरूप मीणा अंजलि मीणा को सीआरपीएफ के द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया इस दौरान बच्चों में काफी उत्साह दिखाई दिया।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।